हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

2 दिनकरपुर में शराब बनाने पर पूर्णतः प्रतिबंध..



6 महिलाओं की भागीदारी से समृद्ध हो रही खेती



खबर संक्षेप

आज कुहकुहा में जलेगा 25 फीट का रावण

सिर्री। ग्राम पंचायत कुहकुहा में इस वर्ष भी विजयादशमी पर्व पर 20 अक्टूबर मंगलवार को रात्रि 8 बजे आदर्श बाल समाज नाटक मंडली द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। 25 फीट रावण का पुतला दहन किया जायेगा। यह जानकारी तारेन्द्र साहू अध्यक्ष नाटक मंडली एवं रुपेश निर्मलकर सरपंच ने दी।

गणेशपुर में 21 को दशहरा महोत्सव

जीजामगांव। ग्राम गणेशपुर में मां दुर्गा उत्सव समिति एवं आदर्श रामलीला मंडली के तत्वावधान में 21 अक्टूबर को दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए झन भूलो मां-बाप ला मानस परिवार नाचा पार्टी मोखा पचपेड़ी एवं मड़ाईभाठा की प्रस्तुति होगी।

राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग : जिला टीम का चयन 20 को

धमतरी। राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता दल्लीराजहरा में 23 से 25 अक्टूबर तक होगी। इसमें भाग लेने के लिए धमतरी जिला टीम का चयन 20 अक्टूबर को मेट्रो फिट जिम में सुबह 10:30 होगा। यह जानकारी धमतरी पावर लिफ्टिंग संघ सचिव देवेंद्र यादव ने दी।

ग्राम डाही में दशहरा महोत्सव कार्यक्रम आज

डाही(धमतरी)। ग्राम डाही में आज दशहरा महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। भूखन मरकाम सेवानिवृत्त प्रधानपाठक, डेरहाराम गौतम सेवानिवृत्त एडिशनल सीईओ, रामकुमार पटेल सेवानिवृत्त प्रधानपाठक ने बताया कि रात्रि में रावण का दहन किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी में तामेश्वर सिन्हा, खिलेंद्र सिन्हा, ईशु पटेल, बिशेषर पटेल, रमेश पटेल समेत अन्य जुटे हुए हैं।

पटेल समाज की बैठक 25 को

नगरी। ग्राम पटेल नगरी सिहावा की बैठक 25 अक्टूबर रविवार को शीतला मंदिर प्रांगण सिहावा में दोपहर 1 बजे रखी गई है। अध्यक्ष मनहरण लाल साहू ग्राम पटेल संघ नगरी सिहावा ने पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील की है।

अष्टमी पर आहुति डालने उमड़े ग्रामीण

डाही(धमतरी)। ग्राम कसही में ग्रामवासियों के सहयोग से मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित की गई। पंडाल स्थल को लाइट से आकर्षक सजाया गया। यहां अष्टमी पर हवन कार्यक्रम हुआ। ग्रामीणों ने आहुति डाली और गांव की खुशहाली के लिए कामना की।

डाही क्षेत्र में दशहरा उत्सव की तैयारी जोरों पर

डाही(धमतरी)। बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशमी मंगलवार को ग्राम डाही सहित आसपास के गांव छाती, सेमरा, सेनचुवा, बिजनापुरी, बोड़रा, कसही, हंकारा, अंगारा, खम्हरिया, जुनवानी, डोमा में मनाया जाएगा। समिति के सदस्यों ने दशहरा मैदान में साफ- सफाई, रंगरोगन सहित सभी तैयारी पूर्ण कर ली है। कोमल ठाकुर, रामकुमार पटेल शिक्षक, भागवत साहू, नारायण देवांगन, मणि देवांगन, एस कुमार पटेल ने बताया कि टोकरी, बांस, कपड़ा से पुतला का निर्माण किया जा रहा है। पिछले वर्ष 10 फीट रावण का पुतला बनाया गया था, जिसमें इस वर्ष पांच फीट की वृद्धि की गई है। आकर्षक आतिशबाजी की जाएगी।

दो घंटे के लिए खुली जिला अस्पताल की ओपीडी, पहुंचे 137 मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

त्योहारी सीजन के कारण लगातार शासकीय अवकाश के चलते मरीजों को राहत देने जिला अस्पताल की ओपीडी दो घंटे के लिए खोली गई। इस दौरान 137 मरीजों ने पर्ची बनवाकर अपना उपचार कराया।

जिला चिकित्सालय में रोजाना मरीजों की भीड़ रहती है। आईपीडी मरीजों के साथ बड़ी संख्या में ओपीडी मरीज उपचार कराने अस्पताल पहुंचते है। अस्पताल में मरीजों की सबसे अधिक भीड़ सप्ताह के पहले दिन सोमवार को रहती है क्योंकि रविवार अवकाश होने के कारण बड़ी संख्या में मरीज सोमवार को उपचार कराने अस्पताल आते हैं। प्रत्येक सोमवार को ओपीडी मरीजों का आंकड़ा 400 से 500 तक पहुंच जाता है। शासकीय व स्थानीय अवकाश के चलते बीते रविवार को मिलाकर मंगलवार तक तीन छुट्टियां पड़ गई। लगातार छुट्टियां पड़ने पर नियमानुसार एक दिन अस्पताल की ओपीडी दो घंटे के लिए खोलनी होती है जिसके तहत अस्पताल प्रबंधन द्वारा सोमवार को देखते हुए 10 बजे से 12 बजे तक ओपीडी शुरू की गई। इस दौरान 137 ओपीडी मरीजों ने पंजीयन करा पर्ची प्राप्त की। इस दौरान सभी डाक्टर समय पर ड्यूटी पर उपस्थित होकर मरीजों का चेकअप, उपचार व दवाइयां लिखी जिससे मरीजों को बड़ी राहित मिली। विशेषकर दूरदराज से पहुंचने वाले मरीजों को बैरंग नहीं लौटना पड़ा। उपचार के लिए पहुंचने वाले मरीजों में डेंटल, हड्डी रोग, एनीमिया, नेत्र रोग, पेट संबंधी सहित सामान्य बीमारियों के मरीज थे।

लगातार छुट्टियों को देखते हुए की गई है व्यवस्था



इमरजेन्सी सेवा 24 घंटे जारी

सिविल सर्जन डॉ. आदित्य सिन्हा ने बताया कि लगातार छुट्टी पड़ने के कारण दो घंटे के लिए ओपीडी सेवा शुरू की गई। अस्पताल के सभी डॉक्टर मौजूद रहकर मरीजों का उपचार किया। बुधवार से अस्पताल की ओपीडी सामान्य रूप से संचालित होगी। अस्पताल में आपातकालीन सेवा चौबीस घंटे जारी है।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में घायल पेड़ों की होगी सर्जरी

महानदी उद्गम क्षेत्र को बचाने की मुहिम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महानदी के उद्गम स्थल पर बसे उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के करका क्षेत्र को बेतहाशा अतिक्रमण और वनों की कटाई से बचाने विशेष संरक्षण अभियान शुरु किया गया है। क्षेत्र में असामाजिक तत्वों द्वारा पेड़ों की छाल को चारों ओर से काटकर गर्डलिंग सुखाया जा रहा है। गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त पेड़ों को नया जीवन देने कर्नाटक के प्रसिद्ध ट्री डॉक्टर विजय विशान्त आगामी सप्ताह टाइगर रिजर्व पहुंच रहे हैं।

एक दशक में चार गुणा बढ़ा अतिक्रमण

इसरो की सैटेलाइट इमेजरी सन् 2010, 2016 और हाल में किए गए डीजीपीएस ड्रोन सर्वे की तुलनात्मक रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है जिसमें करका क्षेत्र में अतिक्रमण का दायरा वर्ष 2016 में 22 हेक्टेयर से बढ़कर 2026 में 102.47 हेक्टेयर हो गया है। सन 2016 से 2026 के बीच इस प्रभावित क्षेत्र से 1.25 लाख से अधिक पेड़ों का साफ कर दिया गया है। यूएसटीआर के क्षेत्रीय निरीक्षण में साल, बीजा, तेंदू के 3500 से अधिक पेड़ गर्डलिंग से गंभीर रूप से प्रभावित पाए गए हैं।





चुनौतियों के बीच यूएसटीआर का बहादुराना प्रयास

मैदानी अमले में 65 प्रतिशत पद खाली होने, वन संरक्षण दल पर 5 जानलेवा हमले और बेबुनियाद आरोपों के बावजूद यूएसटीआर ने असाधारण इच्छाशक्ति दिखाई है। 1 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को पिछले 4 वर्षों में अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस कार्रवाई से बाघ, हाथी, भारतीय विशाल गिलहरी तथा मालाबार पाइड हार्नबिल जैसे दुर्लभ वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास सुरक्षित हुए हैं।

गर्डलिंग वृक्षों की वैज्ञानिक सर्जरी

वर्ष 2022 में तौरेंगा रेंज में वेज ग्राफ्टिंग तकनीक से गर्डलिंग प्रभावित पेड़ों का इलाज किया गया था जिसमें लगभग 10 प्रतिशत सफलता मिली थी। टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि गर्डलिंग पेड़ों के इलाज के लिए अब उन्नत और अधिक प्रभावी तरीकों को अपनाया जा रहा है। कर्नाटक के ट्री डॉक्टर विजय विशान्त के मार्गदर्शन में प्रभावित पेड़ों का वैज्ञानिक आकलन कर वेज ग्राफ्टिंग या अन्य उपचार पद्धति अपनाई जाएगी। कर्मचारियों को उपचार के बाद की देखरेख और निगरानी का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। वैज्ञानिक पद्धतियों के साथ साथ रिजर्व के आसपास रहने वाले आदिवासी व वनवासियों के पारम्परिक ज्ञान का भी सहारा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ड्रोन निगरानी, विशेषज्ञ सर्जरी, स्थानीय समुदायों की सहभागिता से मूल्यवान वनों को नष्ट होने से बचाया जायेगा। महानदी का उद्गम क्षेत्र जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन की दृष्टि से अमूल्य है। इसे सहजने के लिए उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

बिजली कटौती से सूख रहे खेत, फसल पर संकट

- किसानों ने फसल पकने तक 20 दिन लगातार बिजली देने की मांग की
- खुर्रा बोनी वाली मीडियम और लेट वैरायटी की फसल को पानी की सख्त जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कृषि लाइन में बिजली कटौती से किसानों की हालत खराब हो गई है। खुर्रा बोनी वाले खेत में पानी तेजी से सूख रहा है। उपर से मेंटनेंस के नाम पर कटौती से खेतों में पानी ही नहीं बच रहा है। किसानों ने फसल पकने तक कम से कम 20 दिन लगातार बिजली चालू रखने की मांग की है।

इस साल अधिकांश किसानों ने खुर्रा बोनी की है। अर्ली वैरायटी की फसल पककर तैयार है। दशहरे के बाद कटाई-मिंजाई में तेजी आएगी, लेकिन मीडियम और लेट वैरायटी की फसल में अभी बालियां आ रही है। यह वह अवस्था है, जब खेतों में भरपूर पानी की आवश्यकता होती है। फसल भी तेजी से पानी सोखती है, लेकिन विडंबना यह है कि अधिकांश किसानों के खेतों में पानी की कमी है। मानसून की विदाई के बाद थोड़ी भी बारिश नहीं हुई है। उपर से तेज गर्मी पड़ रही है। खुर्रा बोनी होने के कारण जमीन भी ज्यादा पानी सोख रहा है। विद्युत विभाग द्वारा भी मेंटनेंस के नाम पर रोजाना बिजली कटौती की जा रही है। पूरी परिस्थिति किसानों के विपक्ष में है। अधिकांश किसानों के खेत सूखे हैं। इससे फसल को काफी नुकसान पहुंच रहा है। यही स्थिति लगातार रही तो उत्पादन तो कम आएगा ही, फसल की क्वालिटी भी खराब हो जाएगी।

नहीं पल पा रहे खेत

मनोज नेताम ने बताया कि उसके पास पांच एकड़ खेत है। खेत एक जगह नहीं है। ऐसे में अलग- अलग किसानों से पानी लेना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि तीन से चार दिन तक मोटर चलने के बाद एक एकड़ खेत नहीं पल पाया है। किसान युवराज शर्मा ने बताया कि उसके सात एकड़ का प्लाट पूरा सूख गया है। यहां पर पांच एचपी का मोटरपंप लगा है। यह पंप पांच एकड़ को नहीं पला पा रहा है। किसान गिरधर साहू ने बताया कि 22 एकड़ की सिंचाई वे तीन मोटर पंप के भरोसे करते हैं। तीनों मोटरपंप चल रहे हैं पर आधे से ज्यादा खेत सूखे पड़े हैं।

मेंटनेंस के नाम पर बिजली बंद

किसान चैतराम नेताम, रेखराम साहू ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा मेंटनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद रखी जाती है। बाद में इस कटौती को मेंटेन भी नहीं किया जाता है। शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक बिजली बंद रखी जाती है, लेकिन 11 बजे के बाद भी कृषि पंपों की लाइन चालू नहीं की जाती है। ऐसे में किसानों को सिंचाई में काफी दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा कि यह समय सिंचाई को लेकर काफी संवेदनशील है। विभाग को चाहिए कि इस समय कटौती न करें, बल्कि 5-11 बजे तक भी कुछ दिनों तक लाइन बंद रखे, तभी किसान फसल को बचा पाएंगे।

मां शांता देवी के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं का भालू से सामना, पेड़ पर चढ़कर बचाई जान



नगरी। श्रृंगीऋषि पर्वत पर मां शांता देवी के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं का अचानक भालू से सामना हो गया। भालू को सामने देखकर श्रद्धालुओं में दहशत फैल गई। अपनी जान बचाने के लिए वे पेड़ पर चढ़ गए। घटना के बाद क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार श्रद्धालु श्रृंगी ऋषि पर्वत पर दर्शन करने के बाद पहाड़ी से नीचे उतर रहे थे। इसी दौरान मां शांता देवी मार्ग पर अचानक भालू दिखाई दिया। अप्रत्याशित रूप से वन्यजीव को सामने देखकर श्रद्धालु घबरा गए और बचाव के लिए पेड़ पर चढ़ गए। इसके बाद उन्होंने मदद के लिए संपर्क किया। लोग मौके पर पहुंचे और श्रद्धालुओं को सुरक्षित नीचे उतारने में सहायता की।

जंवारा विसर्जन में बाना लेकर चले श्रद्धालु

- दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू, जगह-जगह भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





क्वांर नवरात्र की महानवमी पर सोमवार को धमतरी शहर में भक्ति और आस्था का माहौल रहा। विभिन्न दुर्गा पंडालों और देवी मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने खीर-पूड़ी और भोजन प्रसादी ग्रहण कर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। सोरिद, जोधापुर और कोष्टापारा में जंवारा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं के सांग-बाना धारण कर चलने का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। नवरात्र के पहले दिन बोए गए जौ और कलश का विधि-विधान से विसर्जन किया गया। वहीं शहर के विभिन्न स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन भी शुरू हो गया।

रिसाईपारा स्थित म्युनिस्पिल स्कूल चौक, सदर बाजार, नागेश्वर महादेव मंदिर रिसाईपारा, बनियापारा, लालबगीचा, अर्जुनी, बठेना, मराठापारा और बांसपारा सहित विभिन्न वार्डों में भंडारा हुआ। तेलीनसत्ती, लोहरसी, पेंडरवानी और लिमतरा में रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया था। श्रद्धालुओं ने माता से सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

आज विजयादशमी पर जलेगा 45 फीट का रावण

- एकलव्य खेल मैदान में नगर निगम का आयोजन, पहली बार बदला दशहरा उत्सव का स्थल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व मंगलवार 20 अक्टूबर को उत्साह के साथ मनाया जाएगा। नगर निगम द्वारा इस बार शासकीय उच्चतर माध्यमिक बालक शाला के पीछे स्थित स्व. विष्णु हिरवानी एकलव्य खेल मैदान में 45 फीट के रावण का दहन किया जाएगा। नगर के इतिहास में करीब 75 वर्षों बाद दशहरा उत्सव का स्थल बदला गया है। शाम 6 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। ग्राम अछोटा की भूले बिसरे लीला मंडली द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। इसके बाद रावण दहन और आकर्षक आतिशबाजी होगी। दर्शक विभिन्न प्रकार के पटाखों का रोमांच देख सकेंगे।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। सुरक्षा और दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्थल परिवर्तन किया गया है, ताकि लोग आसानी से बैठकर कार्यक्रम देख सकें।



विधायक अजय चंद्राकर का प्रयास रंग लाया, क्षेत्र के लोगों को सुविधा, बढ़ेगा व्यापार, होगा लाभ

आज रायपुर-कुरुद ब्रॉडगेज को रेल मंत्री दिखाएंगे हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुद

कुरुद और धमतरी अंचल के निवासियों के लिए राजधानी रायपुर की दूरी अब बेहद सिमटने जा रही है। लंबे समय से जिस आधुनिक रेल सेवा की प्रतीक्षा की जा रही थी, वह घड़ी आ गई है। 20 अक्टूबर को रायपुर से कुरुद के बीच नवनिर्मित ब्रॉडगेज ट्रैक पर यात्री मेमू सेवा का भव्य आगाज होने जा रहा है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रायपुर-कुरुद एवं रावघाट-रायपुर यात्री सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय द्वारा जारी आधिकारिक ⏭ शेष पेज 14 पर





विधायक के सतत प्रयास को मिली सफलता

क्षेत्र को ब्रॉडगेज लाइन से जोड़ने की मांग को लेकर विधायक अजय चंद्राकर ने लंबी लड़ाई लड़ी है। विधानसभा के पटल से लेकर केंद्रीय रेल मंत्रालय के गलियारों तक उन्होंने इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को लगातार प्राथमिकता पर बनाए रखा। केंद्र और राज्य के बीच मजबूत समन्वय के चलते ही यह मांग अब पटरी पर दौड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।

113 किमी की रफ्तार से हुआ था सफल ट्रायल

रायपुर-धमतरी रेल कॉरिडोर के तहत तैयार इस आधुनिक और विद्युतीकृत ब्रॉडगेज ट्रैक पर हाल ही में रेलवे ने अमनपुर से कुरुद के बीच 113 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सफल स्पीड ट्रायल पूरा किया था। सुरक्षा और तकनीकी मापदंडों पर खरा उतरने के बाद रेलवे सुरक्षा आयुक्त से हरी झंडी मिलते ही अब इस रूट पर नियमित ट्रेनें दौड़ेंगी।

यात्रियों, छात्रों और व्यापारियों को मिलेगा सीधा लाभ

कुरुद रेलवे स्टेशन को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है, जिसमें तीन कंप्यूटराइज्ड टिकट काउंटर, सुसज्जित प्रतीक्षालय, स्वच्छ पेयजल और दिव्यांगजनों के अनुकूल सुविधाएं शामिल हैं। रायपुर के लिए सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलने से दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और स्थानीय उद्योगों को तेज, सुरक्षित और बेहद किफायती सफर का नया विकल्प मिलेगा, जिससे अंचल के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

शुभारंभ पर चलेगी स्पेशल मेमू ट्रेन

रेलवे मुख्यालय द्वारा जारी अधिकृत मेमोरेंडम के अनुसार 20 अक्टूबर को उद्घाटन स्पेशल ट्रेन (गाड़ी संख्या 68716) रायपुर से दोपहर 2:30 बजे रवाना होगी और नवा रायपुर, मंदिरहसौद, केंद्री आदि स्टेशनों से होते हुए शाम 4:15 बजे कुरुद पहुंचेगी।

21 अक्टूबर से नियमित रूप से चलेंगी 2 जोड़ी मेमू ट्रेनें

आम यात्रियों के लिए नियमित मेमू पैसेंजर सेवा 21 अक्टूबर से शुरू होगी। यह ट्रेन रविवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन चलेगी। रेलवे ने दो जोड़ी ट्रेनों (68771/68772 एवं 68773/68774) का समय तय किया है। कुरुद से रायपुर: पहली ट्रेन (68773) सुबह 7:10 बजे कुरुद से छूटकर 9 बजे रायपुर पहुंचेगी। दूसरी ट्रेन (68771) सुबह 11:45 बजे कुरुद से रवाना होकर दोपहर 1:30 बजे (आगमन समय अनुसार) रायपुर पहुंचेगी। रायपुर से कुरुद : पहली ट्रेन (68774) सुबह 9:50 बजे रायपुर से चलकर 11:35 बजे (अनुमानित मार्ग अनुसार) कुरुद पहुंचेगी। दूसरी ट्रेन (68772) रात 8:40 बजे रायपुर से रवाना होकर रात 10:45 बजे कुरुद पहुंचेगी।

खबर संक्षेप



सांकरा में आज डीजे डांस प्रतियोगिता

सांकरा। श्री राधा कृष्ण बाल मंडली स्कूल पारा सांकरा के तत्वावधान में 20 अक्टूबर मंगलवार को रात्रि 9 बजे से राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है । सामूहिक नृत्य में प्रवेश शुल्क 200 रुपए है। प्रथम पुरस्कार 13111रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7111रुपए, तृतीय पुरस्कार 5111 रुपए व चतुर्थ पुरस्कार 2111 रुपए रखा गया है। युगल नृत्य में प्रवेश शुल्क 100 रुपए है। प्रथम पुरस्कार 5011, द्वितीय पुरस्कार 3011, तृतीय पुरस्कार 2011, चतुर्थ पुरस्कार 1111 रुपए रखा गया है। एकल नृत्य में प्रवेश शुल्क 50 रुपए रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 3011, द्वितीय पुरस्कार 2011, तृतीय पुरस्कार 1111, चतुर्थ पुरस्कार 555 रूपए दिया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में श्री राधा कृष्णा बाल मंडली स्कूलपारा सांकरा के अध्यक्ष मनराखन साहू, उपाध्यक्ष कृपाराम साहू, सचिव मायाराम साहू, सहसचिव राजेश वैष्णव, दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष खेमराज साहू एवं नवदुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष पूरन मोहन माला, उपाध्यक्ष अजय साहू, सचिव दिलीप कुमार साहू, सह सचिव रुस्तम साहू, दीपक साहू, सहसचिव मोहन यादव जुटे हैं। इसी दिन डीजे डांस प्रतियोगिता सिरसिदा, देवपुर, फरसियां, बेलरबाहरा, करांघाटी में भी होगी।

कोर्रा में 1.55 करोड़ के विकास कार्य, युवाओं को मल्टी जिम की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

गांवों में विकास के साथ युवाओं की फिटनेस भी जरूरी : अजय

गांवों में विकास का मतलब केवल सड़क और भवन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं के स्वास्थ्य और बेहतर जीवनशैली के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराना भी इसका अहम हिस्सा है। ग्राम कोर्रा में विकास कार्यों के साथ युवाओं के लिए मल्टी जिम की व्यवस्था इसी सोच की एक पहल है।

उक्त बातें कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कही। उन्होंने सरपंच चोवा राम साहू की इस पहल की प्रशंसा की।

विधायक ने कहा कि आज के दौर में शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता जरूरी है। गांवों में ही व्यायाम के संसाधन उपलब्ध होने से युवाओं को अपनी फिटनेस पर ध्यान देने का अवसर मिलता है। कोर्रा में मल्टी जिम की व्यवस्था इसी दिशा में एक कदम है।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

हुए कई निर्माण कार्य

कोर्रा में करीब 1 करोड़ 55 लाख 88 हजार रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं। कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के सहयोग और सरपंच चोवा राम साहू के प्रयास से सड़क, सामुदायिक भवन, व्यावसायिक परिसर, स्वास्थ्य सुविधा और धार्मिक स्थल से जुड़े निर्माण कार्यों को आकार मिला है।



सुविधाओं से ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

अटल व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स से स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। महतारी सदन सामुदायिक आयोजन के लिए उपयोगी होगा, जबकि सीसी सड़कों से आवागमन आसान बनाने में मदद मिलेगी। पीएचसी में अतिरिक्त भवन बनने से स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन के लिए अतिरिक्त जगह उपलब्ध हुई है।

शीतला मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों ने लिया निर्णय, शराब बनाने की सूचना देने वाले को 5 हजार का इनाम

दिनकरपुर में महुआ शराब बनाने पर पूर्ण प्रतिबंध, उल्लंघन पर 10 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत मुनईकेरा के आश्रित ग्राम दिनकरपुर में ग्रामीणों ने गांव को नशामुक्त बनाने और सामाजिक सद्भाव कायम रखने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। 18 अक्टूबर को शीतला मंदिर प्रांगण में आयोजित ग्रामीणों की बैठक में सर्वसम्मति से गांव में महुआ शराब बनाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने सहित कई अहम निर्णय लिए गए। ग्रामीणों ने नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने, आपसी भाईचारा बढ़ाने और गांव में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से नियमों का पालन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि गांव में कोई भी व्यक्ति महुआ शराब का निर्माण नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस निर्णय का उल्लंघन करते हुए महुआ शराब बनाते पकड़ा जाता है, तो उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं, गांव में महुआ शराब बनाते हुए किसी व्यक्ति की जानकारी देने वाले व्यक्ति को ग्रामीणों की ओर से 5 हजार रुपये का इनाम दिया जायेगा।

बैठक में ग्रामीण अध्यक्ष दशरथ नेताम, ग्रामसभा अध्यक्ष मुन्नालाल नेताम, गायता जगन सिंह मरकाम, कोटवार हितेश कुमार सूर्यवंशी, संदरूराम मरकाम, शिवनाथ नेताम, मेघनाथ सलाम, जयचंद सोरी, पूनाराम मरकाम, जगदीश नेताम, मिलाप नेताम, सोनिया बाई, सगन बाई, गीता बाई, विमला बाई, राधाबाई सहित अन्य उपस्थित थे।



लड़ाई-झगड़ा और अशांति फैलाने वालों पर भी सख्ती

बैठक में सार्वजनिक स्थानों पर लड़ाई-झगड़ा, मारपीट करने तथा अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने का निर्णय लिया गया। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति पर 5 हजार रुपये का दंड लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। ग्रामीणों का मानना है कि नशे के कारण कई बार परिवारों में विवाद, आपसी मनमुटाव और सामाजिक अशांति की स्थिति निर्मित होती है। शराबबंदी और अनुशासन संबंधी इन निर्णयों से गांव में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद मिलेगी। साथ ही युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने, परिवारों में सुख-शांति बनाए रखने और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में भी यह पहल उपयोगी साबित हो सकती है। लोगों का मानना है कि किसी भी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए केवल प्रशासनिक प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है।

अंचल की खबरें

गुदगुदा में बाल मेला आयोजित



सिर्री। ग्राम गुदगुदा में बाल मेला कार्यक्रम आंगनबाड़ी नारी सेक्टर द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जीरो से 3 वर्ष के बच्चों का सर्वांगीण विकास है। कार्यक्रम में कुर्सी दौड़, रुमाल झपट्टा, व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गई। मौके पर सरपंच सोनम साहू, सचिव महेंद्र साहू, प्रथम अरोरा सेंटर कुरुद के जिला समन्वयक कुसुम साहू, कल्पना प्रजापति, गीतांजलि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना सोनकर, नेमबाई साहू, तारिणी साहू समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।

भखारा कॉलेज में एप आइडिया हैकथॉन, भूमिका रहीं प्रथम



नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए नए एप आइडिया

अंवरी। महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा के स्टार्टअप सेल द्वारा सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज अंतर्गत एप आइडिया हैकथॉन का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए अपने अभिनव एप आइडिया प्रस्तुत किए। निर्णायक जानेंद्र बंजारे, श्रीमती अनुनय टोप्पो एवं नेमचंद लहरे थे। निर्णायकों ने विद्यार्थियों के विचारों का नवीनता, उपयोगिता एवं व्यावहारिकता जैसे मापदंडों के आधार पर मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में भूमिका साहू प्रथम, कुंदन साहू द्वितीय तथा पोषण साहू तृतीय रहे। प्राचार्य डॉ. श्रीमती मंजू झा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मंच संचालन हरविंदर सिंह कुर्रे ने किया। विद्यार्थियों में नवाचार एवं उद्यमिता की संस्कृति विकसित करने की दिशा में सार्थक पहल की गई।

विद्यार्थियों ने किया साइंस पार्क का शैक्षणिक भ्रमण



कोर्रा(भखारा)। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने तथा उन्हें किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से शासकीय माध्यमिक शाला मोखा के बच्चों को गंगरेल के समीप स्थित साइंस पार्क का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण के दौरान बच्चों ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न गतिविधियों एवं प्रदर्शनों को देखा तथा उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि, जिज्ञासा और नई चीजों को जानने-समझने की भावना विकसित हुई। शिक्षकों ने बच्चों को विज्ञान के महत्व तथा दैनिक जीवन में इसके उपयोग के बारे में समझाया। बच्चों ने अनेक नई जानकारियां प्राप्त कीं।

हंकारा में भंडारे का हुआ आयोजन



डाही(धमतरी)। ग्राम हंकारा में नव युवा दुर्गोत्सव समिति ने नवरात्रि पर भंडारे का आयोजन किया। प्रसाद ग्रहण करने बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। इस अवसर पर केजूराम, खिलेश्वर, चपेश्वर, फकीर, गणपतलाल, देवव्रत, हेमंत, चद्रहांस, महेश, भाऊराम, शेखर, संतोष, नीलकंठ, मंशा, संजू, अनिल, छोटू मौजूद थे।

बेलरगांव में विधि-विधान से जोत-जंवारा का विसर्जन

- तीन परिवारों ने श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ निभाई परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



ग्राम बेलरगांव में धार्मिक आस्था और परंपरा के अनुरूप जोत-जंवारा का विसर्जन किया गया। गांव के एक प्रजापति परिवार और दो देवांगन परिवार सहित कुल तीन परिवारों द्वारा स्थापित जोत-जवांरा का विधि-विधान से विसर्जन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में जोत-जंवारा देव समिति, सेवा समिति एवं ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा।

श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव के साथ पूजा-अर्चना कर माता रानी से परिवार एवं गांव की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान गांव का माहौल भक्तिमय बना रहा। ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में धार्मिक परंपराओं के प्रति आस्था और सामाजिक एकता की झलक देखने को मिली।

रेयांशु ने दिल्ली में प्रस्तुत किया नवाचारी मॉडल

- धमतरी जिला सहित मगरलोड क्षेत्र का बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



शासकीय माध्यमिक शाला रांकाडीह के कक्षा 8वीं के विद्यार्थी रेयांशु साहू पिता कृपाल साहू ने अपनी वैज्ञानिक सोच और नवाचार से क्षेत्र का मान बढ़ाया है। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की इंस्पायर अवार्ड मानक योजना अंतर्गत उन्होंने 12 एवं 13 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में अपने नवाचारी मॉडल का प्रदर्शन किया।

रेयांशु ने ट्रैक्टर ट्रॉली में सामान से भरी बोरी चढ़ाने की मशीन का मॉडल प्रस्तुत किया। इस मॉडल का उद्देश्य ट्रैक्टर-ट्रॉली में अनाज एवं अन्य सामान से भरी बोरियों को चढ़ाने में होने वाली कठिनाइयों को कम करना है।

इस उपलब्धि पर शिक्षक ताम्रध्वज साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रपा लीलाराम चंदे, भोलाराम कुर्रे, मेघसिंह कंवर, मोहसीन चंद्रसेन साहू, लालाराम साहू, बोधनराम निषाद, प्रवीण सोनवानी ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

किसानों को प्रताड़ित करना बंद करे शासन-प्रशासन : लालाराम

कुरुद। धान खरीदी से पहले फसलों के भौतिक सत्यापन और रकबा समर्पण के कथित दबाव को लेकर भारतीय किसान संघ ने शासन-प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई है। संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम चंद्राकर ने कहा कि एग्रीस्टेक के बाद अब पीवी एप के माध्यम से फसलों का सत्यापन कराकर किसानों को मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान किया जा रहा है। सत्यापन प्रक्रिया के कारण किसान और पटवारियों के बीच विवाद की स्थिति बन रही है। पहले ऋण पुस्तिका और राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर धान खरीदी होती रही है,



लेकिन अब रकबा कम करने के लिए सोसायटियों पर दबाव बनाया जा रहा है, जो किसानों के साथ अन्याय है। श्री चंद्राकर ने कहा कि धमतरी जिले में प्रति एकड़ धान का औसत उत्पादन 28 क्विंटल है। ऐसे में रकबा समर्पण के लिए दबाव बनाना उचित नहीं है। उन्होंने मांग की कि वास्तविक राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर धान खरीदी हो और किसानों को परेशान करना बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान संघ किसान हितों के खिलाफ नीतियों का विरोध करेगा और किसानों के साथ मिलकर संघर्ष करेगा।

बोरझरा में गरबा उत्सव की धूम, छत्तीसगढ़ी संस्कृति की दिखी झलक

- मंजू के नेतृत्व में महिलाओं ने प्रस्तुत किए पारंपरिक नृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी





ग्राम बोरझरा के दुर्गा चौक में गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। नवरात्रि के पहले दिन से ही दुर्गा पंडाल में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। शाम होते ही माता रानी की महाआरती के बाद गरबा शुरू होता है। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाएं ढोलक और डीजे की थाप पर गरबा कर माहौल को भक्तिमय बना रही हैं। दुर्गा चौक बोरझरा में इस नवरात्र में नवाचार देखने को मिला रहा है।

श्री शिव शक्ति धर्म जागरण परिवार बोरझरा की महिलाएं ट्रेनर मंजू साहू के नेतृत्व में गरबा नृत्य के अलावा छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित नृत्यों का प्रदर्शन कर रही हैं। सप्तमी को महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी परिधान में सजकर माता की आराधना की व छत्तीसगढ़ की संस्कृतियों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में खिलेश्वरी साहू, ओमेश्वरी साहू, नंदनी साहू, अनीता साहू, रामेश्वरी साहू, सोनम साहू, चित्रेखा साहू, हेमलता साहू, पायल साहू, कविता साहू समेत अनेक महिलाओं ने भाग लिया।

ट्रेलर माउंटेड सक्शन मशीन और ई-रिक्शा की भी मिलेगी सुविधा

भखारा-भठेली की सड़कों का होगा डामरीकरण तालाबों व फूलवारी का किया जाएगा कायाकल्प





हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



नगर के विकास को नई गति मिलने जा रही है। नगर की प्रमुख अंदरूनी सड़क का डामरीकरण किया जाएगा। वार्ड क्रमांक 13 स्थित फूलवारी डबरी का उन्नयन कार्य होगा तथा वार्ड क्रमांक 15 के तालाब को नया स्वरूप दिया जाएगा।

वार्ड क्रमांक 15 स्थित खदान तालाब में वर्षा जल संचयन एवं जल पुनर्चक्रण के लिए आवश्यक कार्य कराए जाएंगे। नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए ट्रेलर माउंटेड सक्शन मशीन तथा ई-रिक्शा की व्यवस्था भी की जाएगी। भखारा के वार्ड 6 के आंगनबाड़ी से लेकर वार्ड 4,5,7 होते हुए डुमराही शीतला तालाब तक बीटी रोड निर्माण कार्य होगा। भठेली के दंतेश्वरी मंदिर से रंगमंच तक बीटी रोड निर्माण कार्य होगा। नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर पहचान दिलाने और स्टार रेटिंग की तैयारी के अंतर्गत जीएफसी (गार्बेज फ्री सिटी) के निर्धारित मानकों के अनुरूप आवश्यक कार्य किए जाएंगे।

इन विकास कार्यों के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन द्वारा परिषद के प्रस्ताव शासन को भेजे गए थे। विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं प्रयास के अनुरूप इन प्रस्तावों को स्वीकृति प्राप्त हुई है तथा संबंधित कार्यों के लिए राशि भी स्वीकृत हो गई है। श्रीमती जैन ने कहा कि हमारा उद्देश्य भखारा-भठेली को विकास और स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान दिलाना है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, विधायक अजय चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

Pride of Dhamtari





विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौजागमांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

खबर संक्षेप

लेखराम वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन के बालोद जिला प्रभारी बने

धमतरी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दिल्ली अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष



लोकसभा के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के प्रभारी दीपक बैज के आदेश पर लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद को जिला बालोद में वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर लेखराम साहू ने कहा कि इस आंदोलन को सफल बनाने पूरी मेहनत व ईमानदारी के साथ काम करूंगा। विधायक संगीता सिन्हा समेत कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ एकजुट होकर कार्य करेंगे।

मुरिया दरबार का नाम बदलने की साजिश बर्दाश्त नहीं : मनोज

सांकरा। बस्तर दशहरे के समापन पर होने वाले ऐतिहासिक मुरिया दरबार का नाम बदलकर आम दरबार करने की साजिश के खिलाफ छग



प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज साक्षी ने कड़ा विरोध जताया है। श्री साक्षी ने कहा कि मुरिया दरबार बस्तर की आत्मा है। यह लगभग 150 साल पुरानी परंपरा है। यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की सामूहिक चेतना, मांझी-चालकी की लोकतांत्रिक व्यवस्था और सांस्कृतिक अस्मिता का प्रतीक है। सिरहासार में वर्षों से आदिवासी प्रतिनिधि अपनी समस्याएं, जनमांगें और सामाजिक मुद्दे इसी दरबार में रखते आए हैं। श्री साक्षी ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार आदिवासी पहचान से जुड़े नामों और परंपराओं को मिटाने का काम कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि नाम बहाल नहीं किया गया तो धमतरी सहित पूरे प्रदेश में आदिवासी कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

सीसी रोड बनाने की मांग

डाही(धमतरी)। हंकारा पंचायत के आश्रित गांव कसही के ध्रुवंशीपारा में दुर्गाप्रसाद ध्रुवंशी के घर से आत्मा ध्रुवंशी घर तक की गलियां उबड़-खाबड़ हो गई हैं। बार-बार मांग के बाद भी यहां सीसी रोड नहीं बन पाया। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से सीसी रोड बनाने की मांग की है।

सेजेस सिंगपुर में महिला शिक्षा प्रहरी संभालेंगी बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

पालकों की अनूठी पहल : वार्डवार महिलाएं करेंगी विद्यार्थियों की पढ़ाई की निगरानी



बच्चों की शिक्षा में सुधार और नियमित पढ़ाई सुनिश्चित करने के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय (सेजेस) सिंगपुर में पालकों ने नई पहल की है। अब विद्यालय के 11 वार्डो में महिलाएं शिक्षा प्रहरी बनकर बच्चों की पढ़ाई, गृहकार्य और प्रायोजना कार्य की निगरानी करेंगी।

दशहरा अवकाश से पहले आयोजित तिमाही परीक्षा समीक्षा सह पालक बैठक में सैकड़ों पालक उपस्थित रहे। इस दौरान एसएमडीसी सदस्यों और पालकों को शिक्षा प्रहरी चुनने तथा उनकी जिम्मेदारियां तय करने का दायित्व सौंपा गया। चर्चा के दौरान महिलाओं ने स्वयं आगे आकर यह जिम्मेदारी स्वीकार की और वार्डवार निगरानी दल का गठन किया।

ज्ञात हो कि पिछले वर्ष सरपंच और समिति सदस्यों के सहयोग से 11 वार्डों में 33 पुरुष शिक्षा प्रहरी नियुक्त किए गए थे। वे बच्चों के घर जाकर उनकी पढ़ाई, होमवर्क और सीखने की स्थिति की जानकारी लेते थे। इस पहल के सकारात्मक परिणाम सामने आने के बाद वर्तमान सत्र में पालकों ने महिलाओं को यह जिम्मेदारी सौंपी है।

पालक अनिल सेन के नेतृत्व में गठित टीम में हेमलता पटेल, ईश्वरी ध्रुव, बिसाहिन ध्रुव, अनिता ध्रुव, रीना साहू, अर्चना ध्रुव, अंजनी ध्रुव, डेमिन ध्रुव, मुकेश्वरी कौशल, पार्वती कौशल, खुशियाली ध्रुव, जागृति ध्रुव, नूरजहां रिजवी, दीप्ति ग्वाल, गायत्री कुंजाम, उत्तरा दीवान, भुनेश्वरी ध्रुव, ज्योति तिवारी, कविता ध्रुव और उर्वशी ध्रुव सहित अन्य महिलाएं शामिल हैं। प्राचार्य, शिक्षकों और एसएमडीसी के पूर्व सदस्यों ने इस पहल की सराहना की। पुरुष पालकों ने भी महिलाओं को सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

गांव-गांव बैठक कर अधिकारी लेंगे किसानों से बीज की डिमांड

30 हजार हेक्टेयर में लगेगी चने की फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



चना का रकबा 18 हजार से बढ़ाकर 30 हजार हेक्टेयर करने के लिए अधिकारी गांव -गांव पहुंचेंगे। इस दौरान किसानों से बीज की डिमांड ली जाएगी, साथ ही खाद वितरण के नए सिस्टम से किसानों को अवगत कराया जाएगा। उधर किसान भी धान की खेती में हो रहे नुकसान को देखते हुए उन्हारी फसल पर दांव खेलने के मूड में हैं।

इस साल बारिश अच्छी हुई है। गंगरेल सहित अन्य बांध भी लबालब हैं। भूजल स्तर में भी अच्छी बढ़ोतरी हुई है। रबी सीजन में धान की सिंचाई के लिए पर्याप्त संसाधन हैं। इसके बाद भी किसान रबी सीजन में धान की खेती से तौबा कर रहे हैं। धान की फसल में कीट व्याधि काफी ज्यादा है और दवाइयां भी काफी महंगी हैं, जिसके चलते धान की फसल में लागत बढ़ी हुई है। उधर रबी सीजन में धान को रेट नहीं मिलता है। इन सब समस्याओं को देखते हुए किसान अब रबी फसल में धान की खेती से तौबा कर रहे हैं। किसान खेमराज सिन्हा, बंशी साहू ने बताया कि पिछले रबी सीजन में धान की खेती से उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा था। इस साल पुरानी गलती को दोहराना नहीं चाहते हैं। फिलहाल उनके पास चना बीज नहीं है, बाजार या सहकारी समितियों से बीज की व्यवस्था कर चने की खेती करेंगे।

पिछले साल मिला था अच्छा रिस्पांस

पिछले साल चने की खेती को अच्छा रिस्पांस मिला था। कई गांवों में पूर्ण रूप से धान की खेती को छोड़कर दूसरी फसल लगाई थी। कुल 18 हजार हेक्टेयर में चने की फसल लगी थी। इस साल चना का रकबा बढ़ाकर 30 हजार हेक्टेयर करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए अधिकारी गांव-गांव बैठक लेंगे। किसानों की समस्याओं का निदान भी करेंगे। किसानों से बीज की डिमांड भी ली जाएगी। डिमांड के अनुसार ही बीज की व्यवस्था की जाएगी।

अब मोबाइल एप से ही मिलेगी खाद

कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों के विक्रय एवं वितरण के लिए नया फ्रेमवर्क तैयार किया गया है, जिसके तहत किसानों को मोबाइल एप के माध्यम से खाद का वितरण किया जाएगा। गरियाबंद एवं बीजापुर जिले में इस फ्रेमवर्क के तहत खाद का वितरण किया गया, जो सफल रहा। इसके बाद पूरे राज्य में इसे लागू कर दिया गया है। यदि किसी कृषक के पास मोबाइल नहीं है तो वह कृषक अपने परिवार के अन्य सदस्यों का मोबाइल का उपयोग कर खाद ले सकेगा। इसके अतिरिक्त कृषक अपने नजदीकी कामन सर्विस सेन्टर से भी प्रक्रिया पूर्ण कर खाद प्राप्त कर सकते हैं। उपसंचालक कृषि मोनेश साहू ने बताया कि इस सिस्टम से उर्वरक क्रय करने में किसानों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण एवं

अंवरी में हुआ ज्योत-जंवारा का विसर्जन, सेवा गीतों पर झूमे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



शारदीय नवरात्रि पर्व के समापन पर ग्राम अंवरी मां महामाया के दरबार में ज्योत जंवारा बोया गया था जिसका विसर्जन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। इस दौरान माता रानी के जयकारों और सेवा गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। विसर्जन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और माता के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। विसर्जन के दौरान भक्तों ने पारंपरिक सेवा गीतों की धुन पर झूमते हुए माता रानी की आराधना की। गांव में उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माता रानी से सुख-समृद्धि, खुशहाली और अच्छी फसल की कामना की।

15 छात्र नवीन मतदाता पंजीयन फार्म भरे



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जीजामगांव में प्राचार्य डॉ चोवाराम यदु के निर्देशन में स्वीप प्रभारी एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के नोडल खिलेश्वर साहू, सदस्य योगेश साहू, ऋतुराज साहू, अनिल जांगडे, लीना बैस, तारिणी साहू, ठकेश साहू प्राध्यापकों के सहयोग एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के सभी सदस्यों द्वारा छात्र-छात्राओं का मतदाता सूची में नाम जुड़वाने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से विशेष शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के पात्र 15 छात्र उपस्थित होकर नवीन मतदाता पंजीयन फार्म भरे। ग्रामीण धनेश्वर पटेल का आनलाइन त्रुटि सुधार हेतु आवेदन किया गया।

शंकरदाह में शहीद खिलेश की प्रतिमा स्थापना के लिए हुआ भूमिपूजन

- देशभक्ति के नारों से गूंजा गांव, शहीद की स्मृति को चिरस्थायी बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



देश की सेवा में 21 जुलाई 2026 को सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीद आईटीबीपी जवान खिलेश ध्रुव की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए उनके गृह ग्राम शंकरदाह में प्रतिमा स्थापना हेतु भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर पूरा गांव देशभक्ति और गौरव के माहौल में सराबोर नजर आया।

पुरोहित द्वारा मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन संपन्न कराया गया। ग्रामीणों ने शहीद के बलिदान को नमन करते हुए उनकी स्मृति को सदैव जीवित रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में शहीद की माता कुमारी बाई ध्रुव सहित परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। परिजनों की आंखों में जहां बेटे को खोने का दुख था, वहीं उसके सर्वोच्च बलिदान पर गर्व भी झलक रहा था। सरपंच रमी गौतम ने कहा कि खिलेश गांव का स्वाभिमान है। उनकी प्रतिमा युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करेगी। ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों में देशभक्ति और त्याग की भावना जागृत करेगा। कार्यक्रम में सखाराम साहू, हेमंत साहू, यशवंत देवदास, राखी सिन्हा, रामनारायण साहू समेत अन्य ग्रामवासी शामिल हुए।

भेलवाकूदा के स्वास्थ्य शिविर में 111 लोगों का हुआ उपचार

- रासेयो स्वयंसेवकों ने नशामुक्ति अभियान चलाकर ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)



शाउमावि पचपेड़ी की रासेयो के तत्वावधान व प्राचार्य विनोद ठाकुर के मार्गदर्शन में ग्राम भेलवाकूदा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं नशामुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. वर्षा पांडे, नर्स रोशनी निर्मलकर, लैब टेक्नीशियन भूनिका साहू, फार्मासिस्ट युवराज मरकाम एवं पायलट दीपन निषाद ने सेवाएं दी। डॉ. पांडे द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं एवं जांच के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम अधिकारी मिथलेश सिन्हा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों को बताया।

स्वास्थ्य शिविर में सर्दी, खांसी, बुखार के अलावा पैरों, एड़ी, घुटनों एवं जोड़ों में दर्द, हाइपरटेंशन, बीपी, शुगर खुजली, थकान एवं कमजोरी की जांच कर निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया। कुल 111 लोगों का उपचार हुआ। इस आयोजन के लिए पूर्णिमा पाल सरपंच गाड़ाडीह एवं ग्रामीण अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने मोबाइल मेडिकल यूनिट को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रकाशकुमार , जितेंद्र निषाद , योगेंद्र साहू , नरेंद्र साहू, झूमर पटेल एवं सरपंच प्रतिनिधि जागेश्वर पाल उपस्थित थे। सहायक कार्यक्रम अधिकारी हरिश्चंद्र पटेल ने आभार व्यक्त किया। शिविर में रासेयो इकाई के 52 स्वयंसेवकों के साथ संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता कमलेश कंवर एवं नोहर साहू उपस्थित थे।

पुरुष-महिला वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

अंतर महाविद्यालयीन जूडो स्पर्धा में 15 कॉलेज ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरुद में पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर और महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में अंतरमहाविद्यालयीन जूडो प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विवि से संबद्ध 15 शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में हिस्सा लिया।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. आरके पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में उच्च शिक्षा विभाग के पूर्व खेल समन्वयक रूपेंद्र चौहान मुख्य अतिथि तथा सेनि वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ. रामानंद यादव विशिष्ट अतिथि रहे। वरिष्ठ प्राध्यापक एमएस साहू और डॉ. सरस्वती घृतलहरे भी उपस्थित थे। संचालन डॉ. हितनारायण टंडन ने किया। आयोजन में क्रीड़ा अधिकारी हरिराम साहू और शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष मेजर डॉ. ओमजी गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। खिलाड़ियों के निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए विशेषज्ञ चयनकर्ता और रेफरी नियुक्त किए गए थे।

पुरुष वर्ग के परिणाम

60 किग्रा में संदीप रात्रे विप्र महाविद्यालय रायपुर प्रथम, मानस्वी द्वितीय और दुर्गेश पटेल तृतीय रहे। 66 किग्रा में अपूर्व सोनी प्रथम, नवीन डोंगरे द्वितीय और कामेश तृतीय रहे। 73 किग्रा में प्रियांशु नेताम प्रथम और अंकित दिवाकर द्वितीय रहे। 81 किग्रा में श्यामकिशोर यादव प्रथम और दुष्यंत साहू द्वितीय रहे। 90 किग्रा में भूपेंद्र प्रथम रहे।

महिला वर्ग के परिणाम

48 किग्रा में ट्विंकल सारथी प्रथम और प्राची बंसोड़ द्वितीय रहीं। 52 किग्रा में प्रिया विश्वकर्मा प्रथम, खुशी श्रीवास्तव द्वितीय और भूमिका डोंडे तृतीय रहीं। 57 किग्रा में बच्चला पवित्रा प्रथम और अंजली साहू द्वितीय रहीं। 63 किग्रा में अनुष्ठा मित्तल प्रथम, लक्ष्मी साहू द्वितीय और सोनवाश बानू तृतीय रहीं। 70 किग्रा में प्राची चौबे प्रथम, अवंती कामरी द्वितीय और शिखा शर्मा तृतीय रहीं। 78 किग्रा में दीपशिखा तिवारी प्रथम और भावना साहू द्वितीय रहीं। 78 किग्रा से अधिक में नीतिका मिश्रा प्रथम और सवेलहा खान द्वितीय रहीं।

सकारात्मक मन ही बेहतर भविष्य की नींव

आमदी(धमतरी)। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में योग के रंग, जुंबा के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसएस छात्र अपर्णा शर्मा के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने संगीत की धुन पर जुंबा डांस एवं शारीरिक व्यायाम में भाग लिया। प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी विशेष महत्व है। जुंबा डांस जैसी गतिविधियां व्यायाम को आनंददायक बनाती हैं तथा विद्यार्थियों को नियमित शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करती हैं। आज की व्यस्त जीवनशैली में विद्यार्थियों के लिए यह आवश्यक है कि वे पढ़ाई के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान दें। स्वस्थ शरीर और सकारात्मक मन ही बेहतर भविष्य की नींव हैं।

अंचल की खबरें

दुर्गा एवं शीतला मंदिर में हुआ हवन



डांडेसरा(धमतरी)। क्वांर नवरात्र का पर्व ग्राम डांडेसरा में धूमधाम व श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। 18 अक्टूबर को हवन पूजन एवं पूर्णाहुति का कार्यक्रम रखा गया। जय मां शीतला मंदिर एवं दुर्गा मंदिर में नव कन्या भोज कराकर ग्रामवासियों को खीर-पूड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पटेल अंगद राम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, उपाध्यक्ष पंकज जोशी, सुभाष ध्रुव, हरिराम दीवान, उमेश साहू, हरिश्चंद्र साहू उपस्थित थे।

नवदुर्गा के नौ रुप का हुआ पूजन



नगरी। शारदीय नवरात्रि पर दुर्गा मंदिर में पारंपरिक रीति - रिवाजों और वैदिक विधि-विधान के साथ नवकन्या पूजन का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मां दुर्गा के नवस्वरुप की प्रतीक कन्याओं तथा लंगूरवा महाराज की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। धार्मिक परंपराओं के अनुरूप आयोजित इस अनुष्ठान में मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। पूजा पश्चात नवकन्याओं एवं लंगूरवा महाराज को खीर, पूड़ी के साथ विभिन्न प्रकार के फल और स्वादिष्ट व्यंजन का भोग अर्पित किया गया। इसके बाद उन्हें श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण कराया गया। मौके पर नव दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष मोहन पुजारी, उपाध्यक्ष पूनम कश्यप, शोभित राम, सचिव जनक साहू, सहसचिव संतोष कामड़े, कोषाध्यक्ष महेश अग्रवाल, रामप्रसाद साहू, पुनारद पटेल, शीतला पुजारी सुरेश मरकाम, लखन पुजारी, मानिक साहू, लक्ष्मीनाथ साहू, कुन्दन यादव, ललेश सिन्हा उपस्थित थे।

शीतला माता मंदिर मार्ग पर बनेगा स्वागत द्वार



नगरी। ग्राम पंचायत गढ़डोंगरी स्थित शीतला माता मंदिर मार्ग पर स्वागत द्वार निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। जनपद पंचायत विकास निधि से इस स्वागत द्वार का निर्माण कराया जाएगा। स्वागत द्वार बनने से मंदिर मार्ग की सुंदरता बढ़ेगी और श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थल पर पहुंचने के दौरान गांव की विशेष पहचान भी देखने को मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में जनपद पंचायत सभापति पन्नालाल मरकाम, सरपंच इंदुमती मरकाम, उपसरपंच दलगंजन सिंह मरकाम, शीतला समिति के अध्यक्ष मलिखम मरकाम, ग्राम पटेल खिलेश नेताम, शीतला गायता खिलेश, माटी गायता रूपधन, हरिकलाल नेताम, रामलाल मरकाम, लालदास मानिकपुरी, रामदयाल यादव और गाडाराय मरकाम उपस्थित रहे।

भखारा-भठेली के बीच सामाजिक एकता और भाईचारे की परंपरा कायम



अंवरी। भखारा नगर में वर्षों से चली आ रही सामाजिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का निर्वहन करते हुए रामलीला समिति एवं बस्ती पंचायत द्वारा भठेली की बस्ती पंचायत एवं रामलीला समिति के पदाधिकारियों को एक दूसरे को ससम्मान नारियल एवं तिलक लगाकर आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर रामलीला समिति एवं बस्ती पंचायत के प्रतिनिधियों के साथ नगर पंचायत भखारा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी तथा सीएमओ सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। यह परंपरा दोनों क्षेत्रों के बीच आपसी प्रेम, भाईचारे, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने का माध्यम बनी हुई है। वर्षों से निरंतर चली आ रही इस परंपरा के माध्यम से सामाजिक मेल-मिलाप और पारस्परिक सम्मान की भावना को आगे बढ़ाया जा रहा है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

आज रायपुर-कुरुद ब्रॉडगेज को रेल मंत्री ...

पत्र के अनुसार मुख्य शुभारंभ समारोह 20 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 पर आयोजित होगा। इस ऐतिहासिक अवसर के लिए कुरुद विधायक अजय चंद्राकर को रेलवे प्रशासन द्वारा गरिमामयी उपस्थिति हेतु विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।



खबर संक्षेप



शीतला माता मंदिर में धीवर समाज की महिलाओं ने खेला सिंदूर

धमतरी। शारदीय नवरात्र के छठवें दिवस धीवर समाज की महिलाओं ने शीतला माता मंदिर में सिंदूर खेला और गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया। उल्लेखनीय है कि हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति में सिंदूर का अधिक महत्व है। यह केवल एक श्रृंगार की वस्तु नहीं बल्कि सौभाग्य, समर्पण और आस्था का प्रतीक माना जाता है विवाहित महिलाओं के लिए सिंदूर अखंड सौभाग्य का प्रतीक है। पत्नी द्वारा मांग में सिंदूर लगाने से उनके पति की आयु लंबी होती है और उन पर आने वाला संकट टल जाते हैं। कार्यक्रम में श्रीमती संध्या हिरवानी, आशा धीवर, शीला धीवर, वेणुका हिरवानी, ज्योति मत्स्यपाल, उषा मत्स्यपाल, संगीता सपहा, धृति हिरवानी, ज्योति मत्स्यपाल, दीया हिरवानी, सुनीता हिरवानी, ज्योति हिरवानी समेत बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने भाग लिया।

जनपद सदस्य ने विद्यालयों को वाटर कूलर भेंट किया



धमतरी। जनपद सदस्य श्रीमती सत्यप्रभा साहू ने ग्राम डोड़की स्थित माध्यमिक शाला एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राम शंकरदह में विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वाटर कूलर भेंट किया। वाटर कूलर उपलब्ध होने से विद्यार्थियों एवं विद्यालय के स्टाफ को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की सुविधा मिलेगी। इस पहल पर भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री प्रियंका सिन्हा ने कहा कि विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना शिक्षा के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य और सुविधा से भी जुड़ा विषय है। शंकरदाह सरपंच रमी गौतम, डोड़की सरपंच रामबती, अश्वनी सिन्हा, नोमेष सिन्हा, विनोद डिंडोलकर ,हेमंत साहू, राजीव सिन्हा, राजकुमार सिन्हा समेतत शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया।

नए मतदाताओं के लिए विशेष शिविर 23 ने कराया पंजीयन



कुरुद। संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरुद में स्वीप एवं रासेयो इकाई-1 के संयुक्त तत्वावधान में नए मतदाताओं के पंजीयन के लिए एक दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य पात्र विद्यार्थियों को मतदाता के रूप में पंजीयन के लिए प्रोत्साहित करना और प्रक्रिया की जानकारी देना था। महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी विजय कुमार ने विद्यार्थियों को मतदाता पहचान पत्र बनवाने, आवश्यक दस्तावेजों और ईसीआईएनईटी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने की जानकारी दी। साथ ही लोकतंत्र में मतदान के महत्व से अवगत कराया। शिविर में 23 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें से 8 विद्यार्थियों के फॉर्म-6 मौके पर ही ऑनलाइन भरे गए, जबकि शेष 15 विद्यार्थियों को फॉर्म-6 वितरित कर पंजीयन प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम में रासेयो के स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहयोग दिया। शिविर का उद्देश्य युवाओं में मतदाता पंजीयन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना था।

जिले में सिटी बस संचालन की मांग तेज हुई, आम लोगों को होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर और ग्रामीण क्षेत्र के बीच बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से धमतरी में संचालित सिटी बस सेवा ने एक समय आम लोगों, विद्यार्थियों और ग्रामीण यात्रियों को कम किराये में आवागमन की सुविधा दी। अर्बन ट्रांसपोर्ट सोसायटी योजना के तहत नगरीय प्रशासन विभाग से प्राप्त 10 बसों का संचालन विभिन्न ग्रामीण और शहरी मार्गों पर किया गया था।

वर्तमान में बसों का नियमित संचालन नहीं होने के कारण इस व्यवस्था को लेकर नए सिरे से जानकारी जुटाने और संपत्ति की स्थिति स्पष्ट करने की जरूरत महसूस की जा रही है।

ग्रामीण रघुराम साहू, देवीलाल साहू, जगदीश तिवारी, कृष्णा तिवारी, हीरा निषाद ने कहा कि सिटी बसों का संचालन पुरानी मंडी स्थित डिपो से किया जाता था। आमदी, भखारा, कुरूद, दोनर, गंगरेल, पुरूर, गुंडरदेही और मगरलोड सहित विभिन्न मार्गों पर बसों के चलने से विद्यार्थियों और आम यात्रियों को सुविधा मिली। कम किराये की वजह से ग्रामीण क्षेत्र से शहर आने वाले लोगों के लिए भी यह सेवा उपयोगी रही। इससे चालक और परिचालकों को रोजगार का अवसर भी मिला।

व्यवस्था को लेकर प्रशासन का प्रयास तेज

51.17 लाख से हुआ था सिटी बस डिपो का निर्माण

अर्जुनी के पास वर्ष 2014-15 में 51.17 लाख रुपये की लागत से सिटी बस डिपो का निर्माण कराया गया था। वर्तमान में इस परिसर का उपयोग कांजी हाउस के रूप में किया जा रहा है। बसों के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी से जुड़ी व्यवस्था के तहत जिला प्रशासन और निगम की भूमिका रही है।



सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने की जरूरत

पूर्व महापौर अर्चना चौबे ने बताया कि उनके कार्यकाल में सिटी बसों का संचालन बेहतर तरीके से हुआ और लोगों को इसका लाभ मिला। वर्तमान में शहर की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में प्रशासनिक स्तर पर उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा उपयोगी साबित हो सकती है।

13.20 करोड़ की पुष्प वाटिका और सरोवर धरोहर योजना से बदलेगी तस्वीर

धमतरी के उद्यानों को संवारने की हो रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के उद्यानों को व्यवस्थित, सुंदर और नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाने की दिशा में नगर निगम प्रशासन ने कार्ययोजना तैयार की है। महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में शहर के प्रमुख उद्यानों के कायाकल्प और हरियाली बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए फरवरी 2026 में पुष्प वाटिका और सरोवर धरोहर योजना के तहत करीब 13.20 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की योजना सामने आई थी। इसके अंतर्गत आठ उद्यानों का सौंदर्यीकरण करने के साथ महिमासागर वार्ड के खाली पड़े ट्रेंचिंग ग्राउंड को ऑक्सीजोन के रूप में विकसित करने की योजना है।



आठ उद्यानों को बेहतर बनाने की योजना

योजना के तहत नेहरू उद्यान, पंडित हनुमान प्रसाद मिश्रा उद्यान, सिटी पार्क, कारगिल उद्यान, नेगी उद्यान, कांटा तालाब और अन्य प्रमुख उद्यानों को व्यवस्थित करने पर ध्यान दिया जाएगा। इन स्थानों पर हरियाली, बच्चों के लिए सुरक्षित मनोरंजन सुविधाएं, पाथ-वे और साफ-सफाई जैसी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की आवश्यकता है। इससे बच्चों, बुजुर्गों और परिवारों को सुबह-शाम घूमने के लिए बेहतर वातावरण मिल सकेगा।

सड़क और पाइपलाइन के काम पहले होंगे



महापौर रामू रोहरा ने बताया कि शहर में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। फोरलेन सड़क निर्माण से जुड़े कार्यों के लिए पाइपलाइन और टेप नल की शिफ्टिंग पहले की जाएगी। इसके बाद उद्यानों को संवारने के कार्य किए जाएंगे। सड़क और पाइपलाइन संबंधी कार्यों का समन्वय जरूरी है, ताकि बाद में विकसित उद्यानों को दोबारा खोदने की स्थिति न बने। इससे संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सकेगा और विकास कार्य टिकाऊ बनेंगे।

नागरिकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

नगर निगम की योजना उद्यानों को केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित रखने के बजाय उन्हें स्वच्छ, सुरक्षित और उपयोगी सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित करने की है। हरियाली, नियमित रखरखाव और नागरिक सुविधाओं पर ध्यान देकर शहर के वातावरण को बेहतर बनाया जा सकता है। महापौर रामू रोहरा के अनुसार, आवश्यक आधारभूत कार्य पूरे होने के बाद उद्यानों के विकास को आगे बढ़ाया जाएगा। इससे धमतरी के नागरिकों को आने वाले समय में बेहतर वातावरण और मनोरंजन की सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।

महाष्टमी पर शीतला शक्तिपीठ सिहावा में गूंजा वैदिक मंत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

महाष्टमी पर शीतला शक्ति पीठ में विशेष हवन-पूजन एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया गया। धार्मिक परंपरा के अनुसार रविवार को देवी मां के स्वरूप नव कन्याओं एवं लगरूवा महाराज का पूजन किया गया। उनके चरण धोकर उन्हें सम्मानपूर्वक आसन पर विराजित किया गया। इसके बाद रोली-अक्षत से तिलक एवं वंदन कर लाल चुनरी ओढ़ाई गई। पूजा-अर्चना के बाद नव कन्याओं एवं लंगरूवा महाराज को खीर, पूड़ी, फल एवं अन्य प्रसाद का भोज कराया गया।

- हवन के पश्चात हुआ कन्या भोज का आयोजन

आचार्य नारायण प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में दुर्गा सप्तशती के तेरह अध्याय के बीज मंत्रों के साथ यज्ञकुंड में आहुतियां अर्पित की गईं। हवन में विभिन्न प्रकार की औषधीय सामग्री से तैयार हवन सामग्री एवं सांखला का उपयोग किया गया। श्रद्धालुओं को हवन में सहभागिता का अवसर प्रदान किया गया। प्रथम अध्याय से लेकर तेरहवें अध्याय तक श्रद्धालु बारी-बारी से यज्ञशाला में प्रवेश करते रहे और मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ में आहुति देकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

महाआरती के साथ पूर्णाहुति

शाम को विधि-विधानपूर्वक हवन की पूर्णाहुति संपन्न कराई गई। इसके बाद माता शीतला की भव्य महाआरती की गई। आरती के दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर क्षेत्र में सुख-शांति, खुशहाली, उत्तम स्वास्थ्य, अच्छी वर्षा, समृद्धि तथा सभी के मंगल की कामना की।

इस आयोजन में शीतला शक्ति पीठ के अध्यक्ष नरेंद्र नाग, उपाध्यक्ष बलदेव निषाद एवं रामलाल नेताम, संरक्षक नेमसिंह बिशेन एवं मंशा गौर, सचिव नारद निषाद, सहसचिव बुधेश्वर साहू एवं लालेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष गैंदलाल यादव, सलाहकार गगन नाहटा एवं भरत निर्मलकर, राजेश यदु, सांस्कृतिक प्रभारी तुकाराम साहू, सचिन भंसाली, पुजारी ज्ञान सागर पटेल व परमेश्वर नेताम, महेंद्र साहू समेत अन्य मौजूद थे।

आठ साल बाद भी आमदी कॉलेज में पार्किंग सुविधा नहीं

- असुविधा झेल रहे विद्यार्थियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

कॉलेज बनने के 8 साल बाद भी आमदी महाविद्यालय में न तो पार्किंग की व्यवस्था की गई है और न ही शेड बनाया गया है। आमदी विधायक का गृह निवास होने के बाद भी उपेक्षित है। कॉलेज छात्रों ने इस समस्या को लेकर विधायक ओंकार साहू को ज्ञापन सौंपा

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में पार्किंग शेड निर्माण हेतु धमतरी विधायक ओंकार साहू को ज्ञापन सौंपा।



विद्यार्थियों ने बताया कि आमदी शासकीय नवीन महाविद्यालय 2018 में निर्माण हुआ है। अब तक यहां न पार्किंग व्यवस्था हुई है और ना ही शेड बना है। विद्यार्थियों ने बताया कि महाविद्यालय परिसर में पार्किंग एवं शेड नहीं होने के कारण सायकिल और मोटर सायकिल को खुले में रखना पड़ रहा है। गर्मी, बारिश और अन्य मौसम में वाहनों को काफी नुकसान होता है। इस मौके पर विद्यार्थी किरण यादव, विधा साहू, हेमप्रभा, डाली, रेशमा, खुशबू, ईशांत, साहिल साहू आदि मौजूद रहे।

अछोटा के महानदी पर बनेगा फोरलेन नया पुल 94 करोड़ की मिलेगी अतिशीघ्र स्वीकृति

धमतरी। अछोटा में महानदी पर फोरलेन नए पुल का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए 94 करोड़ रुपये की मांग रखी है। लंबे समय से जर्जर पुल के स्थान पर नए पुल के निर्माण की मांग की जा रही थी। इस संबंध में महापौर रामू रोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर पुल की जर्जर स्थिति से अवगत कराया और नए पुल के निर्माण के स्वीकृति की मांग रखी । महापौर ने बताया कि सिहावा चौक से भोयना तक फ़ोरलेन की स्वीकृति इस ब्रिज के निर्माण बिना अधूरी है। अछोटा में महानदी पर स्थित पुराना पुल लंबे समय से जर्जर अवस्था में है। क्षेत्र में आवागमन की बढ़ती जरूरतों और सुरक्षित यातायात को ध्यान में रखते हुए यहां नए पुल का निर्माण आवश्यक था। इस महत्वपूर्ण मांग को लेकर उन्होंने प्रदेश सरकार के समक्ष लगातार पहल की। बजट में भी इस परियोजना के लिए प्रावधान किया गया था। इस 94 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिलने से नए फोरलेन पुल के निर्माण का रास्ता प्रशस्त होगा।

इष्ट देवी-देवताओं को अर्पित की नई फसल

- दुगली की पुरानी बस्ती में नवा खाई पर्व मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

दुगली की पुरानी बस्ती में नवमी पर पारंपरिक नवा खाई पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने अपनी प्राचीन परंपराओं और रीति- रिवाजों का निर्वहन करते हुए बुढ़ादेव- बुढ़ी माई को धान की नई फसल अर्पित की तथा परिवार और गांव की सुख -समृद्धि, खुशहाली और अच्छी पैदावार की कामना की।

नवा खाई पर्व आदिवासी समाज की आस्था संस्कृति और कृषि परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण त्योहार है। इस पर्व में नई फसल के आगमन पर प्रकृति और अपने आराध्य देवी देवताओं के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। दुगली की पुरानी बस्ती में भी ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति- रिवाजों के अनुसार नवमी पर्व मानते हुए अपनी सांस्कृतिक विरासत का परिचय दिया इस पर्व की विशेषता नई फसल से तैयार पारंपरिक पकवान और प्रसाद है। ग्रामीण इष्ट देवी- देवताओं को नई फसल अर्पित करने के बाद खीर को प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। इस दौरान साजा कोरिया के पत्तों में प्रसाद खाने की परंपरा भी देखने को मिलती है जो स्थानीय लोक संस्कृति और पारंपरिक जीवन शैली की विशिष्ट पहचान है।

मौके पर ग्राम पटेल सीताराम नेताम ,शंभूराम मरकाम, गायता गुलेश नेताम, सिरहा बीरबल नेताम, सुकालु राम मरई, संतराम नेताम, राजाराम नेताम, अरुण यादव, दसोदिया बाई नेताम, कचरी बाई नेताम, सगनूराम नेताम, शिवा नेताम, वरूण देव नेताम सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

व्यावसायिक सिलेंडर का हर माह रिफिल जरूरी

- रिफिल नहीं कराने पर कनेक्शन जमा करना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

घरेलू और व्यावसायिक गैस कनेक्शन से जुड़े नियमों में बदलाव के बीच अब कमर्शियल गैस कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं के लिए हर माह सिलिंडर रिफिल कराना जरूरी किया गया है। गैस एजेंसियों की ओर से व्यवसायियों को इस प्रावधान की जानकारी दी जा रही है, ताकि वे समय पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर सकें।

जानकारी के अनुसार व्यावसायिक गैस कनेक्शन लेने के बाद उपभोक्ता को प्रत्येक माह सिलेंडर रिफिल कराना होगा। यदि कोई व्यवसायी नियमित रूप से सिलेंडर रिफिल नहीं कराता है तो उसे अपना गैस कनेक्शन संबंधित कंपनी के पास जमा करना होगा। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कनेक्शन जमा नहीं करने पर उसे जब्त किए जाने का प्रावधान है। वहीं, उपभोक्ता स्वयं कनेक्शन सरेंडर करता है तो निर्धारित जमा राशि संबंधित गैस कंपनी की ओर से वापस किए जाने का प्रावधान बताया गया है।

यदि पांच वर्ष की अवधि पूरी होने के बाद होज पाइप नहीं बदला जाता है तो गैस कंपनी की ओर से सिलेंडर रिफिल रोकने का प्रावधान है। जिन उपभोक्ताओं के गैस कनेक्शन में होजपाइप के लिए ड्यू प्रदर्शित हो रहा है, उन्हें तत्काल गैस एजेंसी से नया होज पाइप लेना होगा। एजेंसी ने उपभोक्ताओं से कनेक्शन की जानकारी जांचने और निर्धारित समय पर आवश्यक बदलाव कराने की अपील की है।

होज पाइप पांच साल में बदलना जरूरी

गैस एजेंसी ने घरेलू गैस उपभोक्ताओं को होज पाइप को लेकर भी सावधानी बरतने की सलाह दी है। गैस कनेक्शन में लगा होज पाइप पांच वर्ष पूरा होने के बाद बदलना जरूरी है। पाइप बाहर से ठीक दिखाई देने के बावजूद निर्धारित अवधि पूरी होने पर इसे बदलना होगा।

:: आम सूचना/ ईश्तहार ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा ग्राम भखारा निवासी रामगोपाल देवांगन पिता जीवराखन देवांगन निवासी वार्ड क्रमांक 02 नगर पंचायत भखारा, जिला धमतरी छ.ग. के नाम पर ग्राम भखारा, प.ह.नं. 18, तहसील भखारा, जिला धमतरी छ.ग. में निजी भूमि स्वामी हक में खसरा नंबर क्रमशः 1383/1, 1383/2 रकबा क्रमशः 0.21, 0.08 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जिसे घरेलू व दिगर कार्य हेतु रकम की आवश्यकता होने पर मेरे पक्षकार के पास विक्रय का पक्का सौदा कर विक्रेता द्वारा दो गवाहों की उपस्थित में पेटे/बयाना प्राप्त कर लिया है। मात्र पंजीयन (रजिस्ट्री) किया जाना शेष है।

उक्त भूमि के बिक्री/ रजिस्ट्री के संबंध में किसी भी व्यक्ति, फर्म, बैंक शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या दावा हो तो दिनांक 05/11/2026 तक मेरे कार्यालय पालिका बाजार के सामने नगर पंचायत भखारा या राजस्व कोर्ट भखारा में दस्तावेज सहित स्वयं व अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। तिथि बाधित बाद आपत्ति मान्य नहीं होगी। तथा मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नहीं होगी। अतएव सूचना जाने।

दिनांक 20/10/2026

भवदीय
टी.के. साहू अधिवक्ता
सिविल कोर्ट कुरूद
जिला धमतरी (छ.ग.)
मोबाईल नंबर-7000014151

खबर संक्षेप



ऑटो ऑनर्स एसोसिएशन ने किया भंडारा

धमतरी। नया बस स्टैंड धमतरी में ऑटो ऑनर्स एसोसिएशन एवं बस मालक संघ तथा चालकों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक किया गया। मौके पर साहिल अहमद, राहुल गुप्ता, राजू गुप्ता, समद खान, संतोष अहिरवार, सद्दाम खान, उबेद राजा, अंकित सोनी, होरीलाल, विजय शर्मा, अशफाक समेत अन्य मौजूद थे।

सर्व समाज उत्सव समिति करेगी दशहरा का मंचन



पुरी। ग्राम छाती में इस वर्ष भी ग्रामीण सर्व समाज उत्सव समिति द्वारा राम-रावण युद्ध का मंचन किया जाएगा। अतिथि पूर्व विधायक लेखराम साहू, समाजसेवी राजेश शर्मा धमतरी, राजेंद्र शर्मा पूर्व सभापति नगर निगम धमतरी होंगे। इस वर्ष 35 फीट रावण के पुतले का दहन होगा। यह जानकारी दशहरा उत्सव समिति छाती के मैनेजर नरेंद्र साहू ने दी है।

दशहरे के दिन एनएसयूआई करेगी देशव्यापी पुतला दहन

धमतरी। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा देशभर में 20 अक्टूबर को दशहरे के दिन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर देशव्यापी पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राजा देवांगन एनएसयूआई जिलाध्यक्ष धमतरी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती, निष्पक्ष चुनाव और जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होना आवश्यक है। इसी मांग को लेकर संगठन देशभर में विरोध प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद करेगा। संगठन का कहना है कि लोकतांत्रिक मूल्यों और निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाना जरूरी है।

रसोइया-सहायिकाओं ने मानदेय भुगतान में तेजी लाने की मांग की



धमतरी। छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन सीटू जिला समिति के तत्वावधान में गांधी मैदान में रसोइया एवं सहायिकाओं का बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कामरेड समीर कुरैशी ने की। महासचिव ललिता साहू, कोषाध्यक्ष अनुसुइया कंडरा ने कहा कि यूनियन के लगातार प्रयास से राज्य सरकार ने 4 माह की मानदेय राशि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को आवंटित की है। रसोइया सहायिकाओं को मात्र जुलाई एवं अगस्त माह की मानदेय राशि मिली है। सितंबर माह की राशि दशहरा पर्व से पहले तथा अक्टूबर माह की राशि 1 नवंबर को आवंटित किया जाए।

धमतरी में 26 वर्षों से रावण वध लीला की परंपरा निभा रही अछोटा की मंडली

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दशहरा पर्व पर रावण वध लीला के मंचन की परंपरा ग्राम अछोटा की भूले बिसरे लीला मंडली पिछले 25-26 वर्षों से निभा रही है। नगर निगम द्वारा आयोजित दशहरा पर्व पर इस वर्ष भी 20 अक्टूबर को शाम 6 बजे से रावण वध लीला का मंचन किया जाएगा। इस आयोजन की खासियत यह है कि भगवान श्रीराम और रावण के प्रमुख किरदारों को कलाकारों के परिवार चार पीढ़ियों से निभाते आ रहे हैं।

लक्ष्मण की भूमिका प्रमोद कुमार देवांगन, हनुमान की भूमिका डोमन देवांगन, अंगद की भूमिका गजानंद देवांगन, नल की भूमिका ईशांत देवांगन, नील की भूमिका खिलेश देवांगन, विभीषण की भूमिकालोकेंद्र सेन, जामवंत की भूमिका श्रीकांत ध्रुव, सुग्रीव की भूमिका नागेश्वर यादव, मेघनाथ की भूमिका लाकेश देवांगन, कुंभकर्ण की भूमिका कुलदीप देवांगन, मालवंत की भूमिका राहुल देवांगन तथा सुसेन वैद्य की भूमिका मयंक देवांगन निभाएंगे। पर्दा संभालने की जिम्मेदारी आशीष देवांगन की रहेगी। तबले पर पुलेश सेन, हारमोनियम पर सुशील साहू तथा झुमका और मंजीरा पर खेमरारायण देवांगन एवं टेकराम लांगे संगत देंगे। मुख्य गायक रामप्रताप साहू, सहगायक वीरेंद्र साहू तथा विशेष सहयोगी एवं मुख्य कार्यकर्ता रिंकेश्वर देवांगन होंगे।

चार पीढ़ियों से राम और रावण का किरदार निभा रहे, आज होगा रावण वध लीला का मंचन

परंपरा को संजो रही मंडली

पूर्व में श्री बाल समाज लीला मंडली ग्राम अछोटा के नाम से संचालित इस मंडली का बाद में नाम बदलकर भूले बिसरे लीला मंडली रखा गया। मंडली के संस्थापक स्व. विजय प्रकाश देवांगन तथा संचालक रामप्रताप साहू हैं। मंडली द्वारा करीब 25-26 वर्षों से नगर निगम धमतरी के दशहरा आयोजन में रावण वध लीला का मंचन किया जा रहा है।



अधिवक्ता बनेंगे राम और रावण की भूमिका में कीर्तन होंगे

भगवान श्रीराम की भूमिका पीयूष कुमार देवांगन निभाएंगे। वे पेशे से अधिवक्ता हैं। उनके परिवार में चार पीढ़ियों से राम का किरदार निभाने की परंपरा है। रावण की भूमिका कीर्तन देवांगन निभा रहे हैं, जो सिविल इंजीनियर एवं कृषक हैं। वे 25-26 वर्षों से यह भूमिका निभा रहे हैं। उनके परिवार में भी चार पीढ़ियों से रावण का किरदार निभाया जा रहा है।

महिला कृषकों को सम्मान देने मुड़पार में गोष्ठी का आयोजन

महिलाओं की भागीदारी से समृद्ध हो रही खेती

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अधिकांश गांवों में खेती महिलाएं सम्हाल रही है। इस उपलब्धि को सेलिब्रेट करते हुए महिला किसान दिवस 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कृषि सुधार विस्तार कार्यक्रम के तहत महिला किसानों के सशक्तिकरण, आजीविका सवर्धन, कृषि क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया।

कार्यकम कृषि विभाग द्वारा ग्राम मुड़पार में रखा गया था। कार्यक्रम की थीम सशक्त महिला, समृद्ध कृषि, विकसित भारत थी। मुख्य अतिथि मोनिका देवांगन जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति सदस्य थीं। अध्यक्षता दशोदा यादव सरपंच मुड़पार ने की। विशेष अतिथि प्रीति दुर्गम डिप्टी कलेक्टर थीं। गोष्ठी के दौरान कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका, कृषि उत्पादन में वृद्धि, उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने, फसल विविधीकरण तथा कृषि आधारित आजीविका को मजबूत बनाने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। मंच का संचालन भीरेन्द्र साहू ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ने किया। महामाया कृषि कॉलेज सियादेही के चतुर्थ वर्ष के छात्रों अपने अनुभव को साझा किया।

कार्यक्रम में मुक्ता जोशी सहायक संचालक कृषि विभाग, उमा श्रीमाली वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी धमतरी, प्रहलाद नागवंशी कृषि विकास अधिकारी, बसंती मंडावी कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गुणिका साहू, जया साहू, लक्ष्मी नेताम, बीटीएम खिलेश साहू, एटीएम छगन साहू एवं पादप बोर्ड से मोनिका साहू, पशुसखी, कृषि मित्र, किसान संगवारी मेला राम निषाद एवं महिला किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रही।



मिलेगी अर्थव्यवस्था को मजबूती

जिपं सदस्य मोनिका देवांगन ने किसानों से कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती मिलेगी। कृषि की आय बढ़ेगी। डिप्टी कलेक्टर प्रीति दुर्गम ने पशुपालन, मुर्गीपालन, उद्यानिकी की खेती करने वाले महिलाओं को प्रोत्साहित किया। उपपरियोजना संचालक फतेलाल पटेल ने औषधीय एवं सुगंधित पौधों की गुणवत्ता युक्त खेती, प्रशंसकरण, मूल्यवर्धन पर प्रकाश डाला।



युवा उत्सव में लोक नृत्य, लोकगीत सहित विभिन्न विधाओं में प्रतिभा दिखाएंगे युवा

- जिला स्तरीय युवा उत्सव के लिए पंजीयन शुरू, 27 अक्टूबर तक मिलेगा मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026-27 का आयोजन किया जा रहा है। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य युवाओं के बीच पारस्परिक एकीकरण, सांस्कृतिक आदान- प्रदान और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करना है।

जिला स्तरीय युवा उत्सव में विकसित भारत चैलेंज ट्रेक, लोकनृत्य, लोकगीत, चित्रकला, हिन्दी, अंग्रेजी एवं भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं में कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक, पारंपरिक वेशभूषा, रॉक बैंड की विधाएं शामिल होंगी। जिला स्तरीय युवा उत्सव के लिए पंजीयन 19 अक्टूबर से प्रारंभ हो गया है। उत्सव का आयोजन नवंबर माह के दूसरे सप्ताह में प्रस्तावित है। उत्सव में भाग लेने जिला खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय रूद्री में पंजीयन होगा।

क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज

नशामुक्त युवा का विकसित छत्तीसगढ़ थीम पर अधिकतम 60 सेकेंड की मौलिक एवं रचनात्मक रील तैयार करना है। रील को संबंधित जिले के कलेक्टर के आधिकारिक इंस्टाग्राम को टैग करना होगा।

आयु सीमा एवं पंजीयन

युवा उत्सव में प्रतिभागी की उम्र 15 से 29 वर्ष तथा संगतकार की उम्र 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए जिसका माई भारत पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। चयनित प्रतिभागी या दल राज्य स्तर पर चयनित होकर राष्ट्रीय युवा उत्सव में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन 10 से 12 जनवरी 2027 तक नई दिल्ली में होगा। प्रतिभागी या दल 27 अक्टूबर 2026 तक पंजीयन करा सकते हैं।

खेलों से बढ़ती है एकता की भावना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नवरात्र पर्व पर नवज्योति विंध्यवासिनी दुर्गोत्सव समिति द्वारा रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। अध्यक्षता जनपद सदस्य संतकुमारी साहू ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व जनपद सदस्य अनिल तिवारी, दिनेशू यादव, विनय जैन, सीताराम ध्रुव एवं ईश्वर देवांगन थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेलों से न केवल शारीरिक क्षमता और मानसिक दृढ़ता का विकास होता है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, सहयोग और नेतृत्व की भावना भी मजबूत होती है। कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल ग्रामीण अंचल की खेल संस्कृति को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्रीमती संतकुमारी साहू, विनय जैन सहित अन्य अतिथियों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों एवं खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



डोड़की में नौ कन्या पूजन हुआ



धमतरी। ग्राम डोड़की में आदर्श नवयुवक दुर्गोत्सव समिति द्वारा नवरात्रि पर नौ कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री प्रियंका सिन्हा ने कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रियंका सिन्हा ने कहा कि नवरात्रि शक्ति की आराधना का पर्व है। भारतीय संस्कृति में कन्याओं को देवी स्वरूप माना गया है। नौ कन्या पूजन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि नारी शक्ति के प्रति श्रद्धा, सम्मान और आदर प्रकट करने का प्रतीक है। हमें मां दुर्गा की आराधना के साथ-साथ अपने जीवन में भी महिलाओं और बेटियों के सम्मान, सुरक्षा एवं शिक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। मौके पर हितेश सिन्हा, भागवत सिन्हा, नारायण सिन्हा, चंद्रहास सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, राजू सिन्हा, राजकुमार सिन्हा, हेमशंकर सिन्हा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

दुर्गा विसर्जन और रावण दहन को लेकर पुलिस अलर्ट

- एसपी भावना पांडेय ने किया एकलव्य मैदान का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नवरात्रि गरबा, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन, झांकी और रावण दहन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए धमतरी पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय ने एकलव्य मैदान स्थित रावण दहन स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के प्रमुख गरबा स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं डीएसपी स्तर के अधिकारी लगातार आयोजन स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस की सतत निगरानी के बीच गरबा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहे हैं। निरीक्षण के दौरान एएसपी शैलेन्द्र कुमार पांडेय, एएसपी डीसी पटेल, डीएसपी भानुप्रताप चंद्राकर, उपायुक्त प्रवीण सार्वा, नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी शशांक मिश्रा तथा सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जगत सहित नगर निगम की टीम उपस्थित रही।





अंचल की खबरें

रूद्रेश्वर कॉरिडोर के लिए पर्यटन मंत्री का जताया आभार



धमतरी। छत्तीसगढ़ के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल से भाजपा नेताओं ने भेंट की। इस दौरान रूद्रेश्वर कॉरिडोर प्रस्ताव पारित होने व राम वन गमन मार्ग में रूद्रेश्वर महादेव को शामिल करने पर मंत्री का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के बस्तर संभाग प्रभारी हेमराज सोनी के साथ भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला महामंत्री जितेन्द्र पटेल, किसान मोर्चा के सोशल मीडिया प्रभारी किशोर साहू एवं भाजपा नेता राधेश्याम पटेल भी उपस्थित थे।

जसगीत झांकी के कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

धमतरी। ग्राम बोड़रा में नवदुर्गा सिद्धिदात्री समिति द्वारा जसगीत झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू शामिल हुए। इस अवसर पर कलाकारों ने आकर्षक झांकियों और जसगीत की प्रस्तुति देकर ग्रामीणों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि लेखराम साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जसगीत, लोकगीत और झांकी प्रतियोगिताएं मनोरंजन के साथ-साथ भगवान की गाथाओं का स्मरण कर उन्हें नमन करने का माध्यम हैं। गणेश पक्ष से लेकर पितृपक्ष और नवरात्रि तक धमतरी क्षेत्र में ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहते हैं, जो प्रदेश की संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं। कार्यक्रम में सरपंच सुमन साहू, पूर्व सरपंच लक्ष्मी साहू, प्रभु दयाल साहू, अशोक गुप्ता, समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



विंध्यवासिनी मंदिर में हुआ हवन-पूजन, श्रद्धालुओं ने की सुख-समृद्धि की कामना





धमतरी। नगर की आराध्य देवी मां विंध्यवासिनी मंदिर में सोमवार को विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया। सुबह 9 से 11 बजे तक चले अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने आहुति अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। पंडित निशांत शर्मा के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न हुआ। इसके बाद मां विंध्यवासिनी की आरती की गई। यजमान के रूप में शैलेश पवार एवं निभा पवार, प्रदीप रणसिंह एवं पूजा रणसिंह तथा आरके तिवारी शामिल हुए। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार ने भी पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंज उठा। धार्मिक आयोजन की कड़ी में मंगलवार को दोपहर मंदिर की सेवादार समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने परोसी महाप्रसादी



धमतरी। शहर के सदर वार्ड एवं रिसाईपारा वार्ड में आयोजित भंडारे में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को महाप्रसादी परोसकर सेवा भावना का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि नवरात्र का पर्व मां दुर्गा की आराधना, शक्ति की उपासना और सद्कर्मों के प्रति समर्पण का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे, सेवा और सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने मां दुर्गा से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और मंगलमय भविष्य की प्रार्थना की। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री श्रीमती बीथिका विश्वास, जिला महामंत्री महेंद्र पंडित, पार्षद नीलेश लूनिया, हेमंत बंजारे, प्रदेश भाजयुमो जय हिन्दूजा, कविता साहू, जिला भाजयुमो दौलत वाधवानी, मनीष उपस्थित थे।





